झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

**19 May 2023**

Follow us on



**RN Sir**
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK | JSSC | DEFENCE - ARMY | CAPF | POLICE | Other Competitive Exam


Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com


Daily Current Affairs Booster


Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 19 मई का इतिहास

- **1848 :** दुनिया का पहला डिपार्टमेंटल स्टोर खुला।
- **1900 :** दुनिया की उस समय की सबसे बड़ी रेल सुरंग सिंपलन यात्रियों के लिए खुली।
- **1971 :** रूस ने मार्स-2 कार्यक्रम की शुरूआत की।
- **1999 :** भारतीय मूल के महेंद्र चौधरी में फिजी के प्रधानमंत्री नियुक्त हुई।
- **1930 :** श्वेत महिलाओं को दक्षिण अफ्रीका में वोट देने का अधिकार प्राप्त हुआ।

## 19 मई से संबंधित करेंट अफेयर्स


- आरबीआई ने लावारिस जमा को निपटाने के लिए 100 दिनों का अभियान शुरू किया। केंद्रीय रिजर्व बैंक इन दिनों अनक्लेम्ड डिपॉजिट को लेकर एक्शन में दिख रही हैं। आरबीआई अब अनक्लेम्ड डिपॉजिट को लेकर 100 दिनों का एक विशेष अभियान शुरू करने जा रहा है जिसके तहत बैंक देश के हर जिले में अपनी शीर्ष 100 जमा राशियों का पता लगाएंगे और उसका निपटान करेगा। विशेष अभियान चलाने के विषय में इससे पहले वित मंत्री ने वितीय स्थिरता और विकास परिषद की 7वीं बैठक के दौरान किया था। आरबीआई यह अभियान 1 जून 2023 से शुरू करने जा रही हैं।
- असम के मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य सरकार विधायी कार्रवाई के माध्यम से बहुविवाह की प्रथा पर प्रतिबंध लगाने हेतु कदम उठाएगी और इस मुद्दे की जाँच के लिये विशेषज्ञ समिति का गठन किया जाएगा। भारत में परंपरागत तौर पर बहुविवाह के तहत मुख्यतः एक से अधिक पत्नियों वाले पुरूष की स्थिति व्यापक रूप से प्रचलित थी। हिंदु विवाह अधिनियम 1995 ने इस प्रथा को गैरकानूनी घोषित कर दिया।
- वाणिज्य मंत्रालय की शाखा डीजीटीआर ने घरेलू उद्योग को सस्ते इनबाउंड शिपमेंट से बचाने के लिए चीन, कोरिया और इंडोनेशिया से एक निश्चित प्रकार के ऑप्टिकल फाइबर के आयात पर एंटी-डंपिंग शुल्क लगाने की सिफारिश की हैं। घेलू इंडस्ट्री को सस्ते इम्पोर्ट से बचाने के लिए यह सिफारिश की गई हैं। अथॉरिटी ने डंपिंग की शिकायत के बाद जांच की और उसके नतीजों के आधार पर यह सुझाव दिया है।
- मार्च 2023 में देश के औद्योगिक विकास की रफ्तार धीमी हुई है। मार्च महीने में औद्योगिक उत्पादन आउटपुट केवल 1.1 फीसदी के दर से बढ़ा है जबकि फरवरी में 5.6 फीसदी का ग्रोथ रेट देखने को मिला था और बीते वर्ष मार्च महीने में 2.2 फीसदी ग्रोथ रेट रहा था। वित्त वर्ष 2022-2023 में इंडेक्स ऑफ इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन 5.1 फीसदी के दर से बढ़ा है जो 2021-2022 में 11.2 फीसदी के दर से बढ़ा था। सांख्यिकी मंत्रालय ने इंडेक्स ऑफ इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन का आंकड़ा जारी किया है।
- भारत के निर्यात आयात बैंक ने वित्त वर्ष 2024 में 4 अरब डॉलर जुटाने की योजना बनाई है। इसका इस्तेमाल कारोबार के लिए धन मुहैया कराने और सावधि ऋण देने हेतु किया जाएगा। इंडिया एग्जिम बैंक की प्रबंध निदेशक हर्षा बंगारी ने कहा कि निर्यात क्रेडिट एजेंसी 4 अरब डॉलर तक धन जुटाएगी, जो बाजार की स्थितियों पर निर्भर हैं। यह वित्त वर्ष 2023 में जुटाए गए 3.47 अरब डॉलर से ज्यादा हैं। बैंक का निवेशकों का व्यापक आधार है ओर उसकी नजर विभिन्न मुद्राओं पर हैं।
- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर के सीईओ एलन मस्क ने आधिकारिक तौर पर ऐलान कर दिया है कि लिंडा याकारिनो ट्विटर की नई सीईओ हैं। लिंडा अगले हफ्तों में ट्विटर की कमान संभाल लेंगी। मस्क ने बताया कि लिंडा मुख्यतौर पर बिजनेस ऑपरेशन्स पर ध्यान देंगी जबकि वह खुद प्रोडक्ट डिजाइन और नई तकनीक पर फोकस करेंगे। वह मुख्य तौर पर बिजनेस ऑपरेशन्स पर फोकस करेगी जबकि में प्रोडक्ट डिजाइन और नई तकनीक पर फोकस करूगा।
- केंद्र द्वारा आदर्श कारागार अधिनियम, 2023 को अंतिम रूप दे दिया गया हैं। सरकार ने औपनिवेशिक युग में बनाए गए पुराने जेल अधिनियम की समीक्षा और संशोधन करने का निर्णय लिया था। आदर्श कारागार अधिनियम 2023 राज्यों के लिए एक मार्गदर्शक दस्तावेज के रूप में काम कर सकता हैं। जेल अधिनियम 1894 के संशोधन का कार्य गृह मंत्रालय द्वारा पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो को सौंपा गया था।
- राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2023 में भारत की मुद्रास्फीति घटकर 4.7% रह गई। यह खुदरा महंगाई का 18 महीने का निचला स्तर हैं। उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक अप्रैल में घटकर 3.84% रह गया, जबकि मार्च में यह 4.79% था।
- सरकार के समर्थन वाले अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू निवेशकों के लिये निवेश मंच राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना कोष के निदेशक मंडल ने राजीव धर को अंतरिम प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी नियुक्त किया है।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. एआईएफएफ ग्रासरूट दिवस के रूप में पीके बनर्जी का जन्मदिन कब मनाया जाएगा?**

(A) 20 मई (B) 30 मई
(C) 1 जून (D) 23 जून

**(D)** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने अपने जमाने के दिग्गज फुटबॉलर प्रदीप कुमार बनर्जी के जन्मदिन 23 जून को एआईएफएफ ग्रासरूट दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया है। पीके के नाम से मशहूर बनर्जी ने 1960 के रोम ओलंपिक में भारतीय टीम की अगुवाई की थी। एक खिलाड़ी के रूप में अपार सफलता हासिल करने के बाद वह कोच बने जिसमें उन्हें काफी सफलता मिली।




**2. बहुउद्देशीय गजपति सिंचाई परियोजना का निर्माण किस राज्य के गजपति जिले में शुरू होगा ?**

(A) ओडिशा (B) असम
(C) तमिलनाडु (D) दिल्ली


**(A)** मुख्यमंत्री के सचिव सह सचिव के पांडियन ने आधिकारियों को गजपति जिले के छेलीगाड़ा में बहुउद्देशीय सिंचाई परियोजना का निर्माण शुरू करने का निर्देश दिया। इसे 936 करोड़ रूपये की कीमत में बनाया जाएगा। यह गजपति और गंजाम जिलों में 6260 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई करेगा। इस परियोजना के लिए 1280 मीटर लंबी सुरंग खोदी गई है, जिससे गंजम जिले को भी पानी मिलेगा।



**3. विश्व आईबीडी (इंफ्लेमेटरी बाउल डिजीज) दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 15 मई (B) 16 मई
(C) 18 मई (D) 19 मई

**(D)** हर साल 19 मई को इंफ्लेमेटरी बाउल डिजीज (IBD) मनाया जाता है। यह आंतों में होने वाली कई बीमारियों का एक समूह हैं। विश्व जठरांत्र विज्ञान संगठन के अनुसार यह बीमारी अज्ञात कारणों से उत्पन्न होने वाली दीर्घकालिक प्रदाहक आंत संबंधी स्थितियों का एक समूह हैं। आईबीडी के अंतर्गत दो मुख्य श्रेणियां क्रोन्स बीमारी और अल्सरेटिव कोलाइटिस आती हैं।




**4. कर्नाटक के डीजीपी प्रवीण सूद को कितने साल के लिए सीबीआई के निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है ?**

(A) एक साल (B) दो साल
(C) तीन साल (D) चार साल

**(B)** वह सुबोध कुमार जायसवाल से कार्यभार संभालेंगे। सुबोध कुमार जायसवाल का कार्यकाल 25 मई को पूरा हो रहा हैं। उन्हें प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय चयन समिति द्वारा नियुक्त किया गया हैं। चयन समिति ने सीबीआई निदेशक के पद के लिए तीन नामों को शॉर्टलिस्ट किया। तीन शॉर्टलिस्ट किए गए नाम कैबिनेट की नियुक्ति समिति को भेजे गए थे।



**5. हाल ही में सरकार ने घरेलू रक्षा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कितने सैन्य वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है ?**

(A) 520 (B) 750
(C) 928 (D) 1238

**(C)** रक्षा मंत्रालय ने पहली तीन सूचियों की निरंतरता में चौथी सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची की घोषणा की। चौथी सूची में 928 वस्तुओं का आयात प्रतिस्थापन मूल्य 715 करोड़ रूपये हैं। इन्हें भारतीय उद्योग से खरीदा जाएगा। पहली तीन सूचियों की घोषणा दिसंबर 2021 मार्च 2022 और अगस्त 2022 में की गई थी।





**6. भारत और इंडोनेशिया द्विपक्षीय अभ्यास समुद्र शक्ति-23 के चौथे संस्करण में कब से कब तक भाग ले रहा है ?**

(A) 11 से 15 मई 2023 (B) 14 से 19 मई 2023

(C) 15 से 20 मई 2023 (D) 16 से 22 मई 2023

**(B)** आईएनएस कवारत्ती 14 से 19 मई 2023 तक भारत और इंडोनेशिया द्विपक्षीय अभ्यास समुद्र शक्ति-23 के चौथे संस्करण में भाग ले रहा हैं। एक भारतीय नौसेना डोर्नियर समुद्र गश्ती विमान और चेतक हेलीकॉप्टर भी अभ्यास में भाग ले रहे हैं। यह दोनो नौसेनाओं के बीच अंतरसंक्रियता, संयुक्ता और सहयोग को बढ़ाएगा।



**7. हाल ही में किस राज्य सरकार ने ब्रिटिश काल से पड़ी 2 लाख एकड़ डॉटेड लैंड किसानों को सौंप दी है ?**

(A) राजस्थान (B) महाराष्ट्र

(C) ओडिशा (D) आंध्रप्रदेश

**(D)** आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन रेड्डी ने एक सार्वजनिक बैठक के दौरान अहम निर्णय लिए। उन्होंने ब्रिटिश युग के दो लाख एकड़ डॉटेड लैंड को एक लाख किसानों के हवाले कर दिया। उन्होंने बताया कि इन जमीनों को पंजीकृत कानून की धारा 22 ए से हटा दिया गया हैं। उनके इस कदम से करीबन 97,471 परिवारो को लाभ होगा।




**8. हाल ही में शिपिंग मंत्रालय डेटा गवर्नेस क्वालिटी इंडेक्स में किस स्थान पर है ?**

(A) पहले (B) दूसरे

(C) तीसरे (D) चौथे

**(B)** वित्त वर्ष 2023 की दिसंबर तिमाही के आकलन के अनुसार पोर्ट, शिपिंग और जलमार्ग मंत्रालय को डेटा गवर्नेंस क्वालिटी इंडेक्स में 66 मंत्रालयों में दूसरा स्थान दिया गया हैं। पोर्ट, शिपिंग और जलमार्ग मंत्रालय ने डेटा गवर्नेस में 5 में से 4.7 अंक हासिल किए। सर्वेक्षण विकास निगरानी और मूल्यांकन कार्यालय नीति आयोग द्वारा किया गया।



**9. हाल ही में किसे गोविंद स्वरूप पुरस्कार 2023 मिला है ?**

(A) जयंत विष्णु नार्लीकर (B) नंदिनी गुप्ता

(C) राज सुब्रमन्यम (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** प्रसिद्ध खगोलशास्त्री और आईयूसीएए के संस्थापक निदेशक, प्रोफेसर जयंत वी. नार्लीकर को एस्ट्रानॉमिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया से गोविंद स्वरूप लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड मिला। नार्लीकर एएसआई के पूर्व अध्यक्ष हैं और इंटर-यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स के संस्थापक निदेशक थे।



**10. हाल ही में भारतीय जोड़ी दिव्या टीएस और सरबजोत सिंह ने आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में कौनसा पदक जीता ?**

(A) कास्य पदक (B) रजत पदक

(C) स्वर्ण पदक (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** भारतीय जोड़ी ने अजरबैजान के बाकू में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन विश्व कप में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने फाइनल मैच में सर्बियाई दिग्गज दामिर मिस्क और जोराना अरूणोविक पर 16-14 से जीत दर्ज की। दिव्या ने इंटरनेशनल लेवल पर पहला सीनियर मेडल जीता हैं।

Contact : 8084818282, 9113365645